आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 08.10.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :—

- प्रदेश में जल स्रोतों में जल उपलब्धता के लिए 'स्प्रिंगशैड प्रबंधन योजना के तहत काम किया जाएगा।
- राज्यपाल ने जंगलों और वन्य जीवों के संरक्षण तथा संवर्धन के लिए सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया।
- अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा क्षेत्र के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- केदारनाथ धाम के कपाट आगामी 3 नवम्बर को भाईदूज के दिन शीतकाल के लिए बंद किए जाएंगे।

जलवायु कार्यशाला 1

प्रदेश के चयनित सूक्ष्म जलागम क्षेत्रों में पर्वतीय कृषि को लाभदायक और ग्रीन हाउस गैस न्यूनीकरण के लिए सक्षम बनाने के लिए शक्तिशाली उत्पादन प्रणाली विकसित की जा रही है। इसके तहत विश्व बैंक पोषित उत्तराखण्ड जलवायु अनुकूल बारानी कृषि परियोजना का जलागम विभाग द्वारा आज से संचालन किया जा रहा है। यह बात प्रदेश के जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने आज देहरादून स्थित भारतीय अनुसंधान संस्थान में आयोजित उत्तराखंड जलवायु अनूकूल बारानी कृषि परियोजना कार्यशाला में कही। जलागम मंत्री ने इस कार्य के लिए उत्तराखंड का चुनाव करने पर केंद्र सरकार और विश्व बैंक का आभार जताया। उन्होंने कहा कि 6 वर्षीय यह परियोजना प्रदेश के चयनित 8 जिलों में शुरू की जायेगी। इस परियोजना से 519 ग्राम पंचायतों की 3 लाख 7 हजार जनसंख्या को लाभ मिलेगा। यह पहली ऐसी परियोजना है जो जलवायु परिवर्तन से कृषि क्षेत्र में हो रहे प्रभावों को कम करने के लिए विभिन्न जलवायु अनुकूल कृषि प्रणालियों को परियोजना क्षेत्र के तहत मॉडल रूप में विकसित करेगी।

जलवायु कार्यशाला 2

पर्वतीय क्षेत्रों में जन जीवन के लिए जल स्रोतों की भूमिका का उल्लेख करते हुए सतपाल महाराज ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से प्रदेश में जो जल स्रोत सर्वाधिक प्रभावित हो रहे हैं, उनमें जल उपलब्धता में वृद्धि और इनके सतत प्रबन्धन के लिए स्प्रिंगशैड प्रबंधन योजना की अवधारणा के अनुरूप कार्य किया जायेगा। इस परियोजना की महत्वपूर्ण बात यह है कि कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय व प्रादेशिक संस्थान कंसोर्टियम पार्टनर्स के रूप में उत्तराखंड से जुड़ेंगे और इन संस्थाओं के वैज्ञानिकों द्वारा सुझाई गई तकनीक का प्रयोग इस परियोजना के अंतर्गत किया जाएगा।

राज्यपाल वन्य जीव सप्ताह

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा है कि आने वाली पीढ़ियों के हितों को ध्यान में रखकर प्राकृतिक सम्पदा की सुरक्षा में योगदान देना हर व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने वन्य जीवों के प्रति प्रेम और सद्भाव का भाव रखकर पर्यावरण को स्वच्छ व हरा–भरा बनाते हुए विकास के पथ पर आगे बढ़ाने पर जोर दिया। राज्यपाल आज राजभवन में वन विभाग की ओर से आयोजित वन्य जीव सप्ताह के समापन सत्र को संबाधित कर रहे थे। उत्तराखण्ड का प्राकृतिक सौंदर्य का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश की विशिष्ट भौगोलिक स्थलाकृति और जलवायु विविधता के कारण यहां कई प्रकार के वन और वन्य जीव पाए जाते हैं, जिस कारण देश–विदेश के लाखों पर्यावरण और वन्य जीव प्रेमी वर्ष भर यहां आते रहते हैं। राज्यपाल ने कहा कि जंगलों और वन्य जीवों के संरक्षण, संवर्धन तथा पोषण की जिम्मेदारी हम सभी की है। राज्यपाल ने इस बात पर खुशी जताई कि राज्य में वन्यजीव संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों से बाघ, हाथियों और हिम तेंदुओं की संख्या में लगातार बढोतरी हो रही है। इस अवसर पर प्रदेश के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि प्रदेश में वन विभाग के कुशल अधिकारियों के नेतृत्व में प्रदेश में मानव और वन्य जीव सह अस्तित्व की दिशा में उचित कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही हिम तेंदुओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए उत्तरकाशी में एक विशेष केंद्र की स्थापना का कार्य भी गतिमान है। इस अवसर पर मानव और वन्य जीव संघर्ष के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वन सेवा के अधिकारियों को सम्मानित भी किया गया।

अतिक्रमण निर्देश

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बसंल ने जिले में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण चिन्हित करते हुए लगातार अभियान चलाकर इसे अतिक्रमणमुक्त करने के संबंधित विभाग को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित विभाग के नोडल अधिकारी, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण चिन्हित करते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करेंगे।

इस दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण की रिपोर्ट पर *कार्यवाही गतिमान* लिखने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यवाही की जाने की तिथि का उल्लेख करने के निर्देश दिए।

## चुनाव परिणाम

हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में पड़े मतों की गणना की जा रही है। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी जीत की हैट्रिक लगाती नज़र आ रही है। भाजपा ने 37 सीट पर जीत दर्ज कर ली है, जबकि पार्टी 12 सीटों पर बढत बनाए हुए है। मतगणना में कांग्रेस दूसरे स्थान पर है और अब तक 31 सीटों पर जीत हासिल कर चुकी है और पांच सीटों पर बढ़त बनाए हुए है।

वहीं, जम्मू कश्मीर विधानसभा में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के गठबधन ने जीत हासिल की है। इन्हें 90 में से 49 सीट पर जीत मिली है। दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में भाजपा रही, जिसे 27 सीट पर जीत हासिल हुई।

## राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किए। ये पुरस्कार वर्ष 2022 के लिये दिये गए। अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा क्षेत्र के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## केदारनाथ कपाट

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम के कपाट परम्परागत ढंग से शीतकाल के लिए आगामी 3 नवम्बर को भाईदूज के दिन सुबह 8 बजकर 30 मिनट पर बंद किए जाएंगे। बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याकारी अधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि 3 नवम्बर को भगवान केदारनाथ की चल–विग्रह डोली केदारनाथ मंदिर से प्रस्थान करेगी और रात्रि विश्राम के लिए रामपुर पहुंचेगी। 04 नवंबर को चल–विग्रह डोली रामपुर से प्रस्थान कर फाटा, नारायकोटी होते हुए रात्रि विश्राम के लिए विश्वनाथ मंदिर, गुप्तकाशी पहुंचेगी। 05 नवंबर को चल–विग्रह डोली अपने शीतकालीन प्रवास ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ पहुंचेगी और परम्परा के अनुसार अपने गद्दी स्थल पर विराजमान होगी।

रामलीला मंचन

प्रदेश के विभिन्न जिलों में इन दिनों रामलीला का मंचन किया जा रहा है। इसी कड़ी में चंपावत जिले के विभिन्न स्थानों पर रामलीला मंचन की धूम है। रामलीला को देखने के लिए जिले के दूर–दराज इलाकों से लोग पहुंच रहे हैं। जिले के बनबसा, गढ़ीगोठ आम बाग, टनकपुर, अमोड़ी, मुड़ियानी, चंपावत, लोहाघाट, कर्णकरायत और पाटी सहित विभिन्न स्थानों पर राम जन्म से लेकर लक्ष्मण शक्ति तक रामलीला का आयोजन किया गया। चंपावत जिला मुख्यालय में जहां इस बार 141वीं बार रामलीला का मंचन किया जा रहा है, वहीं श्री राम सेवा समिति लगातार 126 वर्ष पुरानी रामलीला का आयोजन कर रही है। यहां पर रामलीला मंचन में महिला पात्र का किरदार महिलाएं, जबकि पुरुषों पात्र का किरदार पुरुषों द्वारा किया जा रहा है।

सइबर अटैक

उत्तराखंड में पिछले दिनों साइबर अटैक से पूरा सरकारी सिस्टम प्रभावित हो गया था। इससे निपटने के लिए केंद्रीय एजेंसियों की मदद ली जा रही है। हालांकि अब अधिकांश सरकारी विभागों के साइट्स सुचारू रूप से शुरू हो गए हैं। सभी डाटा सुरक्षित है और साइबर अटैक से कोई नुकसान नहीं हुआ है। पुलिस महानिरीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, नीलेश आनंद भरणे व पुलिस उप महानिरीक्षक, एसटीएफ, सेंथिल अब्दई कृष्ण राज. एस ने प्रदेश में हुए साइबर अटैक के संबंध में आज देहरादून में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि साइबर अटैक मामले में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। दो मेल आईडी मिली हैं, जिस पर जांच चल रही है और जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि दो अक्टूबर को आईटीडीए के सर्वर पर हैकिंग संबंधी मैसेज सर्वर के प्रत्येक फोल्डर में प्रदर्शित हो रहा था, जिसमें संपर्क करने के लिए मेल आईडी दी गई थी और भुगतान के बाद डाटा सुरक्षित उपलब्ध कराए जाने से संबंधित मैसेज लिखा था। अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ को आवश्यक निर्देश दिए। इस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत सिंह ने एक विशेष दल का गठन किया। इस बीच, आईटीडीए के साइबर विश्लेषकों के साथ वर्तमान साइबर ढांचे को सफलतापूर्वक सुदृढ़ कर लिया गया है।

रेखा आर्य

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य, आज देहरादून में आयोजित 'मेरी पहचान' कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस कार्यक्रम में ऐसे बच्चों ने हिस्सा लिया, जिन्हें परिवार ने दिव्यांगता या विपरीत परिस्थितियों के कारण छोड़ दिया था। इस दौरान श्रीमती आर्य ने बच्चों के हौसले व जीवटता से भरी सफलताओं पर संवाद किया। कार्यक्रम का उद्देश्य उन बच्चों का सम्मान करना था, जो राजकीय या स्वैच्छिक संस्थाओं के माध्यम से पुनर्वासित हुए और आज आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इस

अवसर पर महिला कल्याण विभाग के निदेशक प्रशांत आर्य ने बताया कि आज कार्यक्रम में शामिल अधिकांश बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं या विभिन्न व्यावसायिक कोर्स कर रहे हैं। विभाग की योजनाओं के माध्यम से 104 किशोरों को अब तक पुनर्वासित किया जा चुका है।